# TARKESHWAR NARAIN AGRAWAL TEACHERS' TRAINING COLLEGE

Recognized by-NCTE Bhubaneswar, NCTE Code-APEO1012-B.Ed./ERCAPP2431 - D.El.Ed.

Affiliated to Aryabhatta Knowledge University Patna & Bihar School Examination Board, Patna

## E-NEWS BULLETIN
## 3rd Edition

**April, 2022 to June, 2022**

**Courses**

**B.Ed. & D.El.Ed.**





At- Harigaon, Po- Sanya Barhatta, Ps- Jagdishpur, Ara (Bhojpur), Bihar - 802162

Mob- 9507865058, 7070091227


A unit of Tarkeshwar Narayan Agrawal Educational & Social Welfare Foundation, Ara, Bhojpur








**Editor**
Sri Vijay Kumar Jha
Asst. Prof.
T.N.A.T.T.C,Harigaon

**Chief Editor**
Dr. Rahul Kumar Pandey
Principal
T.N.A.T.T.C,Harigaon

**Patron**
Dr. Krishna Murari Agrawal
Secretary
T.N.A.T.T.C,Harigaon


**Typing & Designing: - Sunny Dev Nirala & Gaurav Kumar**

# विश्व स्वास्थ्य दिवस

# 07.04.2022

दिनांक 07.04.22 को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक–प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगावँ आरा में आज " विश्व स्वास्थ्य दिवस" के शुभ अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा मानव स्वास्थ्य पर आधारित विभिन्न शीर्षकों के सन्दर्भ में पावर प्वाइंट के माध्यम से व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के यशस्वी सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं अध्ययनरत समस्त प्रशिक्षुओं के उत्तम स्वास्थ्य की मंगल शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते आधुनिकीकरण के साथ –साथ बीमारियां भी बढ़ती जा रही हैं । विश्व में फैले रोगों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से "विश्व स्वास्थ्य दिवस" को विश्व स्तर पर मनाया जाता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए मानव स्वास्थ्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य के स्वास्थ्य को दो भागों में बांटा गया, पहला मानसिक और दूसरा शारीरिक, जिसमें कंप्यूटर के हार्डवेयर को शरीर कहा गया है ,और सॉफ्टवेयर को मष्तिष्क कहा गया है दोनो को स्वस्थ रखने की आवश्यकता है, साथ ही उन्होंने यह भी कहा हम प्रकृति से जितने दूर हो रहे हैं उतने ही बीमार होते जा रहे हैं ।इसी क्रम में खेल प्रशिक्षक श्री कमलेश कुमार ने भी अपना उदगार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय की प्रशिक्षु प्रीति कुमारी, स्मृति सुमन ,पायल कुमारी, निखिल कुमार , कुसुम कुमारी, प्रिया सिंह ,शाम्भवी, शालिनी, माया,नेहा,किरन कुमारी, राहुल तिवारी ,गुड़िया कुमारी, अनामिका , अंजलि, रजत रंजन दीपमाला, एवं अन्य ने स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण शीर्षकों पर पावर प्वाइंट के माध्यम से अपना –अपना प्रेजेंटेशन देते हुए विस्तार से प्रकाश डाला । कार्यक्रम का संचालन श्री विजय कुमार झा एवं आयोजन कार्यक्रम सह– प्रभारी श्रीमती पीएम जेना ने किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक –शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित प्रशिक्षु भी मौजूद रहे।















## भारत रतन बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती

**14.04.2022**

आज दिनांक 14 अप्रैल 2022 दिन बृहस्पतिवार को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल टीचर ट्रेनिंग कॉलेज हरिगांव आरा भोजपुर के प्रांगण में भारत रतन बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों को ऑनलाइन के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय ने अंबेडकर की चित्रपट पर पुष्पमाला अर्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया उन्होंने अपने उद्बोधन में महान कानून विशेषज्ञ एवं महान समाज सुधारक डॉ. अम्बेडकर की उपलब्धियों की चर्चा की इसी क्रम में अन्य उपस्थित शिक्षकों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।







# बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती

## 23.04.2022

आज दिनांक 23.04.2022 दिन शनिवार को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक– प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव आरा भोजपुर में बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के शुभ अवसर पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के यशस्वी सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन माध्यम से बाबू वीर कुंवर सिंह जी के अमर कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रहे जगदीशपुर भोजपुर के बाबू वीर कुंवर सिंह जी को एक बेजोड़ व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है ,जो 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ने तथा विजय हासिल करने का मादा रखते थे। अपने ढलते उम्र और बिगड़ते सेहत के बावजूद भी उन्होंने कभी अंग्रेजों के सामने अपने घुटने

नहीं टेके बल्कि उनका डटकर सामना किया।इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने भी ऑनलाइन माध्यम से अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम को गति देने और उसे आगे बढ़ाने में वीर कुंवर सिंह जैसे महान लोगों की साधना थी, जो हम लोग आज स्वतंत्रता की सुखद सांस ले रहे हैं। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती पीएम जेना ने बाबू वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व के इतिहास में यह पहली घटना थी ,जिसमें 80 वर्ष के एक वयोवृद्ध सेनानी ने तलवार लेकर अंग्रेजों को ललकारा था। व्याख्यानमाला की अगली कड़ी में बीएड विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने अपने भाषण में कहा कि भारत की भूमि इतनी उर्वरा शक्ति से भरपूर है कि समय—समय पर इसने ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया है ,जिसने अपने सुकर्मों से समय की गति को भी परिवर्तित कर दिया । 80 वर्ष की वृद्धावस्था में जहां लोग दूसरों के सहारे की अपेक्षा रखते हैं वही वीर कुंवर सिंह जी ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की बाजी लगाकर अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़ा। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री चंदन गुप्ता ,श्री रामू प्रसाद, श्री विजय कुमार झा ,श्री कुंवर बहादुर यादव, एवं अन्य ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षण /शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी मौजूद रहे।









# प्रशिक्षुओं द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता

## 05.05.2022

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा 10+2 राम–जानकी उच्च विद्यालय उदवंतनगर में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह दिनांक 05.05.2022 को किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पाण्डेय सर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजीव पाण्डेय सर (प्राचार्य राम जानकी +2 उच्च विद्यालय उदवंतनगर), श्री मुकेश सिंह ( सचिव भोजपुर जिला कबड्डी संघ), श्री कमलेश कुमार ( खेल प्रशिक्षक ज्छ।ज्ब्)द्य इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 02.05.2022 को राम जानकी +2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य श्री राजीव पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत कबड्डी, 50मीटर दौड़, 50मीटर रिले दौड़, 100 मीटर रिले दौड़ तथा 100 मीटर राउंड रेस का आयोजन किया गया। जिसमे बालक एवं बालिकाओं ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। जिसमें 100 मीटर रिले रेस में सोनू कुमार, पिंटू कुमार प्रथम, अभिषेक कुमार, विशाल कुमार द्वितीय, विशाल कुमार, चंदन कुमार तृतीय। राउंड दौड में अजीत कुमार, राज कुमार प्रथम, विशाल यादव, आकाश कुमार द्वितीय, नीव कुमार, नीतीश कुमार तृतीय, 50मीटर दौड़ में अंजली कुमारी प्रथम, दुर्गावती कुमारी द्वितीय, मोहिनी कुमारी तृतीय, कब्बड़ी बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई टीम प्रथम, पी.टी. उषा टीम द्वितीय, बालक वर्ग टीम रेड हाउस प्रथम, येलो हाउस द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खेल आयोजन के दौरान श्री कमलेश कुमार/ पवन कुमार खेल प्रशिक्षक के द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाई गई। और मंच संचालन का जिम्मेदारी दीपक सिंह (बी.एड. प्रशिक्षु)द्वारा निभाया गया । प्रशिक्षु विक्की कुमार, उत्तम कुमार, दीपक कुमार, सुधीर कुमार, आशुतोष कुमार, मनोज कुमार, किरण कुमारी, नेहा कुमारी, गुड़िया कुमारी, माया कुमारी, प्रिया कुमारी, विद्यांशु कुमार एवम अमित कुमार उपस्थित रहें।





 

# प्रशिक्षुओ द्वारा राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय खेल–कूद प्रतियोगिता

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव के प्रशिक्षुओं ने राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय नवादा आरा में कराया खेल–कूद प्रतियोगिता तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हरिगांव के प्रशिक्षुओ द्वारा राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय नवादा,आरा में आयोजित दो दिवसीय खेल–कूद प्रतियोगिता का समापन समारोह आज दिनांक 09.05.2022 को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ,हरिगांव के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय तथा वरिष्ठ सहायक–प्राध्यापक श्री नीरज तिवारी थे । विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वंदना सिन्हा एवं वरिष्ठ शिक्षक श्री रंजन कुमार (राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय नवादा ,आरा ) थे । इस प्रतियोगिता का उद्घाटन राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय नवादा,आरा के प्राचार्या श्रीमती वंदना सिन्हा मैम द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया द्य इस प्रतियोगिता के अंतर्गत म्यूजिकल चेयर, मैथरेस ,स्पून मार्बल तथा इसके साथ निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रतिभाग किया । प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया । म्यूजिकल चेयर में ,स्वीटी/अंजली (प्रथम )जिज्ञासा/प्रियंका (द्वितीय),रिया/नेहा (तृतीय )रूमैथ्स रेस में प्रिया (प्रथम), रितु (द्वितीय), अर्पिता (तृतीय), स्पून मार्बल में तान्या (प्रथम) ,विभा (द्वितीय), प्रतिभा (तृतीय)रूनिबंध प्रतियोगिता में अनीता (प्रथम), माधवी (द्वितीय) ,स्वाति (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया द्य इसके पूर्व विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वंदना सिन्हा मैम ने कहा कि जीवन में खेलकूद काफी जरूरी है । इससे स्कूल स्तर से ही छात्राओं में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है । टीएनएसटीसी के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय सर ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद जरूरी है । किताबी ज्ञान के साथ–साथ बच्चों को खेलकूद आदि अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए । इस सफल कार्यक्रम में संचालन से लेकर प्रबंधन तक की सारी जिम्मेदारियों को टीएनएसटीसी के प्रशिक्षु प्रीति (04),पायल, कुसुम, शांभवी ,शालिनी ,नीलू ,नेहा(90) ,पूनम , नेहा (98),सृष्टि पलक ,दीपमाला, स्मृति सुमन ,अनु ,रितिका ,उमा ,प्रीति

(19) ने अपनी–अपनी जिम्मेदारियों बखूबी निभाया । टीएनएसटीसी के छात्राध्यापिकाओ के इस कार्यक्रम की तारीफ राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय नवादा,आरा की प्राचार्य श्रीमती वंदना सिन्हा मैम ने किया।














# बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रेरणात्मक भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक – 16.05.2022 दिन सोमवार को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक –प्रशिक्षण महाविद्यालय हरि गांव आरा भोजपुर में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रेरणात्मक भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस पावन अवसर पर महाविद्यालय के यशस्वी सचिव डॉ0 कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय के समस्त शिक्षण /शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि आज हमें महात्मा बुद्ध के अनमोल विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है । महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती पीएम जेना ने महात्मा बुद्ध के चित्रपट पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की । उन्होंने अपने उद्‌बोधन में महात्मा बुद्ध के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों से सभी को अवगत कराया । इसी क्रम में बीएड विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने महात्मा बुद्ध के चार आर्य सत्य एवं उनके पंचशील के सिद्धांतों पर अपने विचार रखे । इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया गया । जिसमें ग्रुप( A )से स्मृति सुमन एवं ग्रुप ( B ) से सीमा कुमारी को ग्रुप लीडर नामित किया गया था। प्रश्नों की घोषणा क्रमशः चंदन कुमार गुप्ता ( स0प्रा0 ) एवं के .बी . यादव ने किया । मूल्यांकन कार्य डीएलएड विभागाध्यक्ष राजेश्वर विश्वकर्मा एवं सहायक प्राध्यापक श्री गंगाधर पटेल ने किया।कार्यक्रम के अंत मे प्रतियोगिता परिणाम की घोषणा करते हुए डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने विजेता टीम ग्रुप B को 14 अंक एवं उपविजेता टीम ग्रुप–A को 11 अंक प्रदान किये जाने की घोषणा की । कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन खेल प्रशिक्षक श्री कमलेश कुमार ने किया । इस मौके पर श्रीमती विन्दी कुमारी ,श्री अजीत कुमार सिंह ,सहित समस्त महाविद्यालय के शिक्षण /शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे ।










# गर्ल्स कॉंमन रूम में सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन

आज दिनांक 18.05.2022 दिन बुधवार को अपराह्न **03:00** बजे से तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरगांव आरा भोजपुर में महाविद्यालय की अध्यक्षा आदरणीया श्रीमती अनीता कृष्णा एवं यशस्वी सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से महिला सुरक्षा स्वास्थ्य को देखते हुए गर्ल्स कॉंमन रूम में सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन किया गया तथा साथ ही महाविद्यालय के सचिव महोदय, आदरणीया अध्यक्षा महोदया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पाण्डेय के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षा–रोपण का भी किया गया इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षण –शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।









# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## 21.06.2022

आज दिनांक 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव आरा के सक्रिय सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी के द्वारा प्रायोजित तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय के निर्देशन में आज सुबह **10:00** बजे से योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मंत्रोचार के बीच कार्यक्रम की शुरुआत की। महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने योगासन का अभ्यास किया । योग विशेषज्ञ सहायक प्राध्यापक गंगाधर पटेल जी ने योगासन का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में व्यक्ति को यदि स्वस्थ रहना है तो अपने दिनचर्या में बदलाव लाने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में अनेक ऐसे पल हैं जो हमारी स्पीड में ब्रेक लगा देते हैं ऐसे में जिंदगी को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए योग एक ऐसी रामबाण दवा है जो माइंड को कुल एवं बॉडी को फिट रख सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने ऑनलाइन माध्यम से सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि योग मानव जीवन के लिए संजीवनी है। हमें दैनिक रूप से नियमित तौर पर रोज सुबह उठकर उचित योगासनों का अभ्यास करना चाहिए कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की । इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षण/ शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।












Prabhat Khabar
15/04/22
Page-6

**टीएनए टीचर्स कॉलेज में मनी बाबा साहेब की जयंती**

आरा. तारकेश्वर नारायण अग्रवाल टीचर ट्रेनिंग कॉलेज हरिगांव के प्रांगण में भारत रत्न डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षकेतर व कर्मचारियों को ऑनलाइन के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने आंबेडकर के चित्रपट पर पुष्पमाला अर्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने अपने उद्बोधन में महान कानून विशेषज्ञ एवं महान समाज सुधारक डॉ अम्बेडकर की उपलब्धियों की चर्चा की. इसी क्रम में अन्य उपस्थित शिक्षकों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये.

Hindustan
17/05/22
Page 6

**बुद्ध के विचारों को जीवन में आत्मसात करना जरूरी**

आरा, संवाददाता। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव में बुद्ध पूर्णिमा पर प्रेरणात्मक भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने कहा कि आज हमें महात्मा बुद्ध के अनमोल विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। प्रभारी प्राचार्या पीएम जेना ने महात्मा बुद्ध के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों से सभी को अवगत कराया। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने महात्मा बुद्ध के चार आर्य सत्य एवं उनके पंचशील के सिद्धांतों पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया गया। इसमें ग्रुप ( ए ) से स्मृति सुमन एवं ग्रुप ( बी ) से सीमा कुमारी को ग्रुप लीडर नामित किया गया था। प्रश्नों की घोषणा क्रमशः चंदन कुमार गुप्ता एवं केबी यादव ने किया। मूल्यांकन कार्य डीएलएड विभागाध्यक्ष राजेश्वर विश्वकर्मा एवं सहायक प्राध्यापक श्री गंगाधर पटेल ने किया। डॉ मनोज कुमार उपाध्याय ने विजेता टीम ग्रुप बी को 14 अंक एवं उप विजेता टीम ग्रुप ए को 11 अंक प्रदान किये जाने की घोषणा की। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन खेल प्रशिक्षक कमलेश कुमार ने किया। मौके पर रिन्दी कुमारी, अजीत कुमार सिंह कई मौजूद थे।



Prabhat Khabar
19/05/22
Page. 6

**टीएनए टीचर्स कॉलेज में सेनेटरी पैड मशीन का हुआ उद्घाटन**

सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन करतीं अध्यक्षा अनीता कृष्णा.

संवाददाता, आरा

तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव में महाविद्यालय की अध्यक्षा अनीता कृष्णा एवं सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से महिला सुरक्षा व स्वास्थ्य को देखते हुए गर्ल्स कॉमन रूम में सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन किया गया. साथ ही सचिव, अध्यक्षा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण भी किया गया. इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे.

Hindustan
19/05/22
Page-6

**कॉलेज में सेनेटरी पैड मशीन लगाई गई**

आरा। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव भोजपुर में सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन हुआ।

छात्राओं के लिए इसकी शुरुआत की गई। उद्घाटन महाविद्यालय की अध्यक्ष अनीता कृष्णा एवं सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल जी ने संयुक्त रूप से किया। बताया कि महिला सुरक्षा स्वास्थ्य को देखते हुए गर्ल्स कॉमन रूम में सेनेटरी पैड मशीन स्थापित किया गया है। साथ ही महाविद्यालय के सचिव और अध्यक्ष ने प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पाण्डेय की मौजूदगी में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध-रोपण का भी किया।

**योगाभ्यास**

आरा, निज प्रतिनिधि। जीवन में योग के इसी महत्व को दर्शाने के लिए मंगलवार को विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस बार योग दिवस का थीम मानवता के लिए योग रखा गया था। योग दिवस पर शहर समेत जिले भर में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। लोगों ने खुले स्थान से लेकर घर तक अनुलोम विलोम सहित योग की अन्य विधियां की।

विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम, कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार व योग की अन्य क्रियाएं भी की गईं।

शहर समेत जिले के शैक्षणिक संस्थानों में योग की धूम: योग दिवस कॉलेज, विद्यालय सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों में मनाया गया। तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव में सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय के निर्देशन में योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाराजा

Hindustan
22/06/22
Page-4

**मानव जीवन के लिए संजीवनी है योग : डॉ अग्रवाल**

योगाभ्यास कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते.

आरा. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पर तारकेश्वर नारायण अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हरिगांव के सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल के द्वारा प्रायोजित तथा प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय के निर्देशन में योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ राहुल कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम की शुरुआत की. इसमें समस्त शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों ने योगासन का अभ्यास किया. योग विशेषज्ञ सहायक प्राध्यापक गंगाधर पटेल ने योगासन का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में व्यक्ति को यदि स्वस्थ रहना है, तो अपनी दिनचर्या में बदलाव लाने की आवश्यकता है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव डॉ कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने ऑनलाइन माध्यम से सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि योग मानव जीवन के लिए संजीवनी है. हमें दैनिक रूप से नियमित तौर पर रोज सुबह उठकर उचित योगासनों का अभ्यास करना चाहिए.

Prabhat Khabar
22/06/22
Page-4